अमर उजाला 17/05/2023

# संस्कृत श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में तुषार प्रथम



**अंबाला सिटी।** कैंट के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के संस्कृत विभाग की ओर से मंगलवार को संस्कृत श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने संस्कृत श्लोकों का गाकर उच्चारण किया। प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष के तुषार ने प्रथम, बीए द्वितीय वर्ष के छात्र विष्णु प्रसाद ने द्वितीय, बीए द्वितीय वर्ष की नीलम ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं बीए प्रथम वर्ष के छात्र साहिल और अरुण को सांत्वना पुरस्कार मिला। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने छात्रों को संस्कृत के साहित्य से अवगत करवाते हुए विश्व काव्य साहित्य में संस्कृत साहित्य के योगदान के बारे में चर्चा की। मंच संचालन शुभम शर्मा ने किया। प्रिंसिपल ने विजेता विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र और पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. रितु गुप्ता एवं डॉ. अनीश ने निभाई। संवाद